दिनांक 25 सितंबर 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

नवीनीकृत राशन कार्ड के वितरण कार्यक्रम छावनी में सम्मिलित हुए खाद्य मंत्री अमरजीत भगत भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत बीपीएल राशन कार्ड के पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरण करने का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है! आज राशन कार्ड वितरण समारोह में खाद्य मंत्री छत्तीसगढ़ शासन अमरजीत भगत खुर्सीपार क्षेत्र के वार्ड 28 छावनी मंगल बाजार पहुंचे जहां पर महापौर एवं विधायक देवेंद्र यादव ने मंत्री जी का भव्य स्वागत किया! इनके साथ ही माननीय खाद्य मंत्री श्री भगत जी का स्वागत निगम भिलाई के महापौर परिषद के सदस्य तथा खाद्य विभाग के प्रभारी लक्ष्मीपति राजू, वार्ड पार्षद तुलसी पटेल, महापौर परिषद के सदस्य दुर्गा प्रसाद साहू, पार्षद सत्येंद्र बंजारे वार्ड क्रमांक 38, खाद्य नियंत्रक भूपेंद्र मिश्रा, निगम के खाद्य विभाग के नोडल अधिकारी टी.पी. लहरें, कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े ने किया! बीपीएल राशन कार्ड प्राप्त करने के लिए कार्यक्रम में उपस्थित हितग्राही उर्मिला देवी, श्यामा बाई साहू, मीना साहू, चमेली साहू, गायत्री वैष्णव, सत्यवती बारले, अनारकली, कुंती बाई वर्मा, दलबीर कौर, वीणा मिश्रा, सुशीला वर्मा, नंदिनी साहू,रुकमणी बेनिया, दुर्गावती गुप्ता, कांति सोनी, शकुन वैद्य, शुभा चौरे तथा हीराबाई को मंत्री श्री अमरजीत भगत ने तथा महापौर एवं विधायक श्री देवेंद्र यादव ने राशन कार्ड प्रदाय कर शिवाजी नगर क्षेत्र में वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया तत्पश्चात उपस्थित शेष हितग्राहियों को बीपीएल राशन कार्ड का वितरण किया गया!

जल है तो कल है

जल ही जीवन है!

जनसंपर्क अधिकारी